## महत्वपूर्ण एवं खास

### जरूरत पड़ी तो क्या जोगी-माया गठबंधन से भाजपा मिलाएगी हाथ?

रायपुर। छत्तीसगढ़ में चुनावी नतीजों को लेकर धुंध और गहरा होता जा रहा है। मतदान के बाद 8 दिन बीत चुके हैं। नतीजे आने में अभी 12 दिन अभी और बाकी हैं। इस बीच अटकल-अनुमानों का दौर जारी है।



दिलचस्प बात यह है, बीजेपी और कांग्रेस दोनों सरकार बनाने के लिए दावा तो कर रहे हैं लेकिन दोनों दल भीतर से सशंकित हैं। दोनों प्रमुख दलों को बहुमत हासिल करने को लेकर जोगी गठबंधन से खतरे की आशंका है। शायद यही वजह है त्रिशंकु विधानसभा की स्थिति में कैसे बनेगी सरकार, चिंता का विषय है। दोनों दलों का धर्मसंकट यही है कि जोगी से मदद ली जाए या नहीं। खुलेतौर पर कांग्रेस-बीजेपी के नेता जोगी से मदद लेने पर नानुकुर दिखा रहे हैं। वास्तव में ऐसी स्थिति आने पर क्या होगा, इसी बात पर सब माथापच्ची कर रहे हैं। लिहाजा चुनावी नतीजे आने से पहले ही सभी संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए तैयारी शुरू कर दी गई है। भाजपा सूत्रों के मुताबिक नतीजे आने के बाद अगर जरूरत पड़ी तो पार्टी गोवा प्लान पर भी काम कर सकती है। इसी वजह से पार्टी उन सीटों पर भी नजर रखे हुए है, जहां कांग्रेस के अलावा दूसरे दल या निर्दलीय उम्मीदवार जीत हासिल कर सकते हैं।

### सब्जियों के सस्ते होते ही गृहणियों के चेहरे खिले

रायपुर (आरएनएस)। हरी सब्जियों की आवक बढ़ते ही बाजारों व मंडियों में सब्जियों की दाम तेजी से कम हो गया है। ठंड का मौसम शुरु होते ही सब्जी बागानों से हरी सब्जियों की आवक बाजारों में जमकर हो रही है जिसके चलते आम आदमी सब्जी की खरीदारी करते समय राहत की सांस ले रहे है वही किचन में हरी सब्जियों की खुशबू से गृहणियों के चेहरे खिले हुये है।

### जिले में बाइक चोर गिरोह सक्रिय: हर दो दिनों में एक बाइक होती हैं चोरी

जशपुर (आरएनएस)। जिले में मोटरसाइकिल चोरी करने का गिरोह सक्रिय बना हुआ है। जिसकी वजह से जशपुर जिले में आए दिन मोटरसाइकिल की चोरी हो जाने की घटनाएं प्रकाश में आ रही है। पत्थलगांव में कई बाईक चोरी की घटना सामने आने के बाद अब जिला मुख्यालय में चोरो ने एक ही जगह से एक ही दिन दो अलग अलग बजाज पल्सर की चोरी कर ली घटना जशपुर शहर में स्थित शा. बा. उ. मा. विद्यालय प्रांगण का है इस सम्बन्ध मे मिली जानकारी के मुताबिक बासनताला में व्याख्याता के पद पर कार्यरत संदीप मिंज पिता नथानियल मिंज एव बच्छरांव में व्याख्याता के पद पर कार्यरत अमृत तिग्गा पिता बरनाबस तिग्गा ने सभी मतदान कर्मियों की तरह मतदान केंद्र जाने से पूर्व अपने बाईक को शा. बा. उ. मा. विद्यालय प्रांगण में खड़ा कर दिया जब मतदान केंद्र से लौटकर देखे टो दोनों की पल्सर बाईक क्र. सीजी 14 एमएफ/0212 एव क्रमांक सीजी13 एक्स 8962 वहा से गायब मिली।

# स्कूल बस और ट्रक में हुई जबरदस्त टक्कर, 7 बच्चों को आई गम्भीर चोट

## पांडातराई इलाके की घटना

कवर्धा (आरएनएस)। जिले के पांडातराई इलाके में आज सुबह स्कूल बस और ट्रक की जोरदार टक्कर हो गई। इस दर्दनाक हादसे में 7 स्कूली बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए।



हादसे से घायल बच्चों को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां 3 की हालत गंभीर बताई जा रही है। सूचना मिलने से मौके पर पहुंची पुलिस कार्रवाई कर रही है।

मिली जानकारी के अनुसार कवर्धा स्थित के एक निजी स्कूल की बस आज सुबह बच्चों को लेकर आ रही थी। इसी दौरान खरहट्टा गांव के पास सामने से आ रही एक ट्रक ने बस को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस के परखच्चे उड़ गए।

### दादा की जायदाद पर क्लेम नहीं कर सकती बेटियां

दुर्ग (आरएनएस)। भारतीय स्टेट बैंक के स्वतंत्र डायरेक्टर डॉ. गिरीश अहूजा सीए शाखा भिलाई में हुए कार्यक्रम का हिस्सा बने। वक्ता के तौर पर उन्होंने वसीयत के नियम और इसमें हाल के बदलाव साझा किए।

उन्होंने बताया कि अब बेटियों के लिए संपत्ति में विशेष स्थान सुनिश्चित किया गया है। 2005 में बने नियम के हिसाब से हिंदू अविभाजित परिवार आयकर अधिनियम में बेटी की शादी हुई है या नहीं इससे संपत्ति के बंटवारे पर कोई फर्क नहीं पड़ता।

## स्ट्रांग रूम पूरी तरह से सीलबंद व सुरक्षित, अभ्यर्थी संतुष्ट हुए

धमतरी (आरएनएस)। विधानसभा निर्वाचन 2018 के तहत 20 नवम्बर को हुए मतदान के उपरांत नवीन लाइवलीहुड कॉलेज में स्थापित किए गए स्ट्रांग रूम में जिले के सभी 733 मतदान केन्द्रों के ई.व्ही.एम. एवं व्हीव्हीपैट मशीनों को सुरक्षित ढंग से स्ट्रांग रूम में रखकर संबंधित सामान्य प्रेक्षक, रिटर्निंग अधिकारी व अभ्यर्थियों व एजेंट की उपस्थिति में कक्षों को सील कर दिया गया था। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था हेतु सीसीटीवी कैमरा लगाए गए हैं जिसका डिस्प्ले कॉलेज के मुख्य भवन की दीवार पर स्थापित किया गया था।



अभ्यर्थियों द्वारा परिसर के बाहर व्यक्तिगत तौर पर सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी की मांग की गई थी, जिस पर विचार करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सी.आर. प्रसन्ना द्वारा परिसर के मुख्य द्वार के बाहर टैन्ट लगवाकर अभ्यर्थियों के प्रतिनिधियों को ठहराकर निगरानी की अनुमति दी गई।

### लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ हो कार्रवाई

कोटद्वार (आरएनएस)। नगर निगम चुनाव में मतदाता सूची से मतदाताओं का नाम गायब होने पर पार्षद प्रत्याशी ने रोष व्यक्त किया है। कहा कि मतदाता सूची से नाम गायब होने के कारण कई मतदाता अपने मत का प्रयोग नहीं कर पाए। उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देते हुए वार्ड नंबर 22 से पार्षद प्रत्याशी रहे विकास आर्य ने कहा कि 18 नवंबर मतदान के दिन जब मतदाता अपने मत का प्रयोग करने के लिए बूथ पर पहुंचे तो उनका मतदाता सूची से नाम गायब था।

## लोकल मेमु में घंटों खड़े होकर सफर करने पर यात्री मजबूर

### ठंड बढ़ते ही लंबी दूरी की ट्रेनों की रफ्तार हुई कम


रायपुर (आरएनएस)। ठंड के मौसम में हर साल कोहरे के चलते ट्रेनों की लेटलतीफी शुरु हो जाती है इस बार भी ठंड बढ़ते ही कोहरे की वजह से कई ट्रेनों की रफ्तार धीमी हो गई है। जिसके चलते लंबी दूरी तक सफर करने वाले यात्री परेशान हो रहे है वही दैनिक यात्रियों को ट्रेन लेट होने के चलते मजबूरन लोकल मेमु में खड़े होकर घंटों सफर करना पड़ रहा है।



दैनिक यात्रियों से मिली जानकारी के अनुसार लंबी दूरी की ट्रेनों की रफ्तार कोहरे के चलते धीमी हो गई है जिसके वजह से लंबी दूरी तक सफर करने वाले यात्री सफर के दौरान परेशान हो रहे है। लंबी दूरी की ट्रेन लेट होने के वजह से अपने कार्यस्थल तक आने -जाने के लिये दैनिक यात्री लोकल ट्रेन में खड़े होकर घंटो सफर करने पर मजबूर हो रहे है। दुर्ग से रायपुर तक चलने वाली लोक मेमु ट्रेन में हजारों की संख्या में रोजाना दैनिक यात्री आते है।

## पिकनिक स्पॉट नई टिहरी वर्षों के बाद भी नहीं हो पाया विकसित

नई टिहरी (आरएनएस)। सालों पिकनिक स्पॉट नई टिहरी वर्षों के बाद भी विकसित नहीं हो पाया है। शहर के सबसे टॉप में यह स्थल काफी भूभाग में फैला है जो काफी रमणीक है। बाजार के समीप का एक मात्र पर्यटन स्थल होने के कारण अभी तक इसको खास विकसित नहीं किया गया यदि इसको विकसित किया जाता है तो यहां पर भी धनोल्टी, काणाताल जैसे पर्यटक स्थलों की भांति पर्यटकों की आमद बढ़ती और नई टिहरी बाजार में पर्यटक पहुंचते। नई टिहरी के ऊपरी क्षेत्र में पिकनिक स्पॉट के को कई बार जनप्रतिनिधियों ने विकसित करने की भी बात कही थी लेकिन मामले वर्षों बाद भी आगे नहीं बढ़ पाया है। काफी इस सुंदर स्थान है शहर से हटकर यह काफी शांत व सुंदर स्थान है। यहां पर झूला आदि लगाए गए हैं। यहां पर काफी लंबा हरा मैदान भी है।



इसकी खूबसूरती को देखते हुए यहां इसको पिकनिक स्पाट के लिए चुना गया है। घने जंगल के मध्य यह स्थान स्थित है।

### अनियंत्रित कार चालक ने खड़ी कार को ठोका



रायपुर (आरएनएस)। तेज रफ्तार कार ने खड़ी कार को टक्कर मार देने की रिपोर्ट डीडीनगर थाने में प्रार्थी ने दर्ज कराया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर कार चालक के खिलाफ पुलिस ने धारा 279 के तहत मामला दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार दीपक तिवारी 43 वर्ष पिता स्व.आर.एन. तिवारी निवासी यूनिहोम कालोनी भाठागांव पुरानी बस्ती ने रिपोर्ट दर्ज कराया है कि रोहिणीपुरम गोल चौक के पास तेज रफ्तार सिफ्ट कार क्रमांक सीजी 04-केजेड/6816 का चालक खड़ी कार क्रमांक सीजी 04-एमबी/3111 को टक्कर मार दिया।

### चेकिंग के दौरान 73 नग कीमती इमारती लकड़ी बरामद

जशपुर (आरएनएस)। पत्थलगांव में सोल्ड पिकअप से पचहत्तर नग कीमती इमारती लकड़ी सरई का पटरा पकड़ाया है, इस सम्बंध में मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस के जवानों को आज सुबह सर्चिंग के दौरान खबर मिली कि एक पिकअप में कीमती लकड़ी पटरा लोड होकर दिवानपुर के रास्ते कही जा रहा है। पुलिस के जवानों ने संदेह के आधार पर दिवानपुर रास्ते से तेज गति से गुजर रहे पिकअप को हाथ देकर जैसे ही रुकवाने की कोशिश की पिकअप चालक ने वाहन की गति बढ़ाते हुवे एक सकरे रास्ते मे पिकअप को घुसा दिया परन्तु पुलिस जवानों की लगातार पीछा करते देख चालक पिकअप से चाबी निकालकर वाहन को छोड़कर भाग गया।



### मल्ला नैग्वाड़ में गहराया पेयजल संकट

चमोली (आरएनएस)। नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत मल्ला नैग्वाड़ में पेयजल किल्लत से लोग परेशान हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि लंबे समय से पेयजल किल्लत बनी है। शिकायत के बाद भी विभाग मौन साधे हुए है।

नगर के मल्ला नैग्वाड़ निवासी बच्चन सिंह पाल ने पेयजल किल्लत को लेकर अब जिला प्रशासन को शिकायती पत्र दिया है। उनका कहना है कि मल्ला नैग्वाड़ में एक सप्ताह से पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है। इस संबंध में जल संस्थान के अधिकारी, कर्मचारियों को अवगत कराने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। उनका कहना है कि पीने के पानी के लिए भी प्राकृतिक स्रोतों की दौड़ लगानी पड़ रही है। मामले में जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर पेयजल आपूर्ति सुचारु करने की मांग की गई है।

## कुछ समुदायों को निशाना बनाए जाने से परेशान हूं: तापसी

फिल्म मुल्क में काम करने के बाद अभिनेत्री तापसी पन्नू एक तरफ खुश हैं तो वहीं परेशान भी हैं। आलोचकों द्वारा सराही गई उनकी यह फिल्म इस्लामोफोबिया और अन्य सामाजिक मुद्दों पर आधारित है। तापसी ने बयान दिया, दर्शकों ने फिल्म को जिस तरह से लिया, मैं बहुत खुश हूं। लेकिन जिस तरह से समाज कुछ समुदायों को चुनकर निशाना बनाता है, उससे परेशान भी हूं। मुल्क में वकील की भूमिका निभा चुकीं 31 वर्षीय अभिनेत्री



फिल्म के जरिए समाज में बदलाव चाहती हैं।

वह कहती हैं, मैंने उनके साथ खड़े होने और एक बदलाव शुरू करने के लिए इस फिल्म को स्वीकारा। मैंने जिस किरदार को निभाया है, शुरुआत में उसकी कुछ प्रशंसा हुई, लेकिन मैं दृढ़विश्वास के साथ कह सकती हूं कि अब वह सब शांत हो चुका है। अनुभव सिन्हा निर्देशित फिल्म में ऋषि कपूर, रजत कपूर, नीना गुप्ता, प्रतीक बब्बर और आशुतोष राणा प्रमुख भूमिकाओं में दिखे हैं।

मुल्क छोटे पर्दे पर प्रसारित होगी, इसलिए तापसी और अनुभव चाहते हैं कि लोग फिल्म में जो बताने की कोशिश की गई है, उसे समझें।

### हम भी बाहुबली जैसी फिल्म बना सकते हैं: अक्षय कुमार



अभिनेता अक्षय कुमार इन दिनों अपनी रिलीज़ के लिए तैयार फिल्म 2.0 के प्रमोशन में जुटे हैं। इस दौरान हमसे हुई बातचीत में अक्षय ने बताया कि 2.0 उनके करियर की सबसे बड़ी फिल्म है। इस फिल्म की शूटिंग के दौरान वह 38 दिनों तक पिंजरे जैसे कमरे में रहते थे, मेकअप और कॉस्ट्यूम पहनने के बाद उनका चलना-फिरना बंद हो जाता था, 38 दिनों तक शूटिंग के दौरान वह लिक्विड डायट पर थे। अक्षय कहते हैं, बाहुबली जैसी भव्य फिल्म बॉलिवुड में भी बनाई जा सकती है। हालांकि उसके लिए अधिक सिनेमाघरों का होना आवश्यक है। मेरी फिल्म पैडमैन भारत में करीब ढाई हजार सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, जबकि यह फिल्म चीन में भारत से ज्यादा स्क्रीन में रिलीज होने जा रही है, ज्यादा स्क्रीन होने से बॉक्स ऑफिस कलेक्शन ज्यादा होगा।

## गूगल मैम्प में अब मनचाही जगह ढूंढना हुआ आसान

नई दिल्ली गूगल ने अपनी मैप्स सेवा में हैशटैग फीचर ऐड कर दिया है। इससे लोगों को अपनी मनचाही जगहों को ढूंढने में आसानी होगी। एक नई रिपोर्ट के मुताबिक, गूगल ने यह नया फीचर 1 हफ्ते पहले ऐंड्रॉयड प्लैटफॉर्म पर जोड़ा था। खबरें हैं कि इस फीचर को कंपनी ने गूगल मैप्स लोकल गाइड मेंबर्स फॉरम पर घोषणा की थी। अब गूगल मैप्स पर यूजर्स अपने रिव्यू के नीचे 5 हैशटैग लगा सकेंगे।इसके अलावा अपने पुराने रिव्यूज में भी हैशटैग जोड़ सकेंगे। हालांकि अभी इस बारे में कोई जानकारी नहीं है कि नए फीचर को आईओएस प्लेटफॉर्म और वेब के लिए कब लॉन्च किया जाएगा। टेक क्रंच की एक रिपोर्ट गूगल मैप्स अब हैशटैग रिव्यू सपॉर्ट करेंगे।इससे यूजर्स को मनचाही जगहों के बारे में जानना और अधिक आसाना हो जाएगा। खबर है कि गूगल ने इसे सभी ऐंड्रॉयड यूजर्स के लिए लागू कर दिया है। इसके साथ गूगल मैप्स लोकल गाइड अपने पुराने रिव्यूज में भी हैशटैग जोड़ सकते हैं। गूगल ने बताया कि कुछ जगहों के लिए खास हैशटैग बनाए जाएंगे क्योंकि आम हैशटैग #love, #food ज्यादा मददगार नहीं होते हैं।



लाइव लोकेशन के साथ शेयर करें अपना बस-ट्रेन ETA

इसके अलावा गूगल मैप्स को मिले नए अपडेट में अपनी लाइव लोकेशन और बस-ट्रेन यात्रा के लिए ETA (लगने वाला समय) शेयर करने का विकल्प आ गया है। नया अपडेट मैप्स के पुराने शेयर लोकेशन फीचर का अपग्रेडेड वर्जन है। अभी यह फीचर कुछ लोगों के लिए ही है। उम्मीद है कि जल्द ही इसे आईओएस में भी शुरु किया जाएगा। नए अपडेट के बाद आप अपनी बस और ट्रेन यात्रा की लाइव लोकेशन शेयर कर पाएंगे। इसके अलावा आपको सफर में कितना टाइम लगेगा, इस जानकारी को भी आप अपने चहेते लोगों से शेयर कर सकते हैं।जानकारी को आप ना केवल गूगल कॉन्टैक्ट्स बल्कि वॉट्सऐप और फेसबुक मेसेंजर जैसे थर्ड पार्टी ऐप्स पर भी शेयर कर सकते हैं। शेयर करने के लिए सबसे पहले गूगल मैप में अपनी ट्रिप सेट करने के बाद ट्रांजिट टैब में जाकर नीचे दिए गए शेयर ट्रिप ऑप्शन पर ।वहां आपको शेयरिंग के लिए एक लिस्ट दिखेगी जहां से आप मेसेंजर और वॉट्सऐप को भी चुन सकते हैं। गूगल मैप्स पर लोकेशन शेयर करने का ऑप्शन पिछले साल मार्च में जोड़ा गया था।

## आखिर क्या है ऑफिस कोल्ड और इससे बचने का तरीका

क्या आपने भी यह बात महसूस की है कि आपको ऑफिस में ज्यादा ठंड लगती है और बाहर निकलते ही आप ठीक हो जाते हैं। ऑफिस में जुकाम और छींक आती रहती है और ऑफिस से बाहर आते ही आप ठीक महसूस करने लगते हैं। यह सब इस वजह से होता है क्योंकि आप ऑफिस कोल्ड से पीड़ित हैं। जी हां, कोल्ड और फ्लू दोनों संक्रामक बीमारी है। अगर आपको जुकाम है और आप छींकते हैं तो आपके बगल में बैठा व्यक्ति इससे बच नहीं सकता। इस तरह का इंफेक्शन ऑफिस जैसे बंद माहौल में और तेजी से फैलता है। ऐसे में इससे बचने के लिए आप इन आसान तरीकों को अपना सकते हैं।

**बॉडी को हाइड्रेट रखें**

ये तो हम सब जानते हैं कि पानी हर समस्या का हल है। अगर आप पर्याप्त मात्रा में पानी पीते हैं तो ये बीमारी से होने वाले डिहाइड्रेशन को भी खत्म करता है और शरीर में लिक्विड की मात्रा बनाए रखता है।

**हाथ धोना न भूलें**

किसी भी बीमारी चाहे कोल्ड हो



ही क्यों न हों बचने का सबसे आसान तरीका है कि आप जर्म-फ्री रहें। नियमित रूप से अच्छी तरह से हाथ धोएं और वह भी कम से कम 20 सेकंड तक। ऐसा करने से न सिर्फ आप बल्कि दूसरे लोग भी जो आपके आसपास रहते हैं बीमार पड़ने से बच जाएंगे।

**छोटे ब्रेक्स लेते रहें**

8 घंटे के ऑफिस में चलते रहना और ब्रेक लेना आपकी सेहत के लिए फायदेमंद हो सकता है। अगर आप काफी घंटे बिना किसी ब्रेक के काम करते जा रहे हैं तो ऐसे में स्ट्रेस हॉर्मोन रिलीज होता है जिससे आपकी बॉडी काफी सेंसिटिव हो जाती है और आप आसानी से कोल्ड की गिरफ्त में आ जाते हैं। इसलिए स्ट्रेस से बचने के लिए बीच-बीच में ब्रेक लेते रहें।

**सर्दी खांसी की दवा यूज करें**

आप कॉमन कोल्ड के लिए बार-बार ऑफिस से छुट्टी नहीं ले सकते। ऐसे में दवाइयों के अलावा एक ही चीज आपको बचाती है और वह है सर्दी खांसी की दवा, जो तुरंत कंजेशन से आराम देता है ताकि आप खुलकर सांस ले सकें।

**कॉफी नहीं ग्रीन टी लें**

अपनी सुबह की कॉफी को रिप्लेस कर ग्रीन टी को चुनना आपके लिए सेहतमंद साबित हो सकता है क्योंकि ग्रीन टी में मौजूद ऐंटिऑक्सिडेंट बॉडी की इम्यूनिटी को बढ़ाते हैं जिससे आप कई संक्रामक बीमारियों से बच सकते हैं।

**एक्सरसाइज**

एक्सरसाइज केवल वजन कम करने के लिए नहीं होता। अगर आप को खतरनाक इन्फेक्शन और संक्रामक बीमारियों से बचना है तो एक्सरसाइज आपके लिए काफी मददगार हो सकता है। एक्सरसाइज शरीर की इम्यूनिटी को बढ़ाता है और आपको फिट और सेहतमंद रखता है।